
# सीबीआई अफसर बन बुजुर्ग महिला को किया डिजिटल अरेस्ट

- एक दिन तक वीडियो कॉल पर रखा बंधक
- बैंक मैनेजर की सतर्कता से बची चार लाख की साइबर ठगी



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** साइबर ठगों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर 75 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला को एक दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखा और खाते से रकम ट्रांसफर कराने का दबाव बनाया. महिला की बेटी को आशंका होने पर राज्य साइबर सेल से संपर्क किया, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर ठगी की कोशिश नाकाम कर दी.

साइबर सेल एसपी स्वसाच्यी सराफ ने बताया कि कल्याण संपत कॉलोनी निवासी बुजुर्ग महिला बैंक में वरिष्ठ पद पर पदस्थ अपनी बेटी के साथ रहती हैं. बेटी के बैंक जाने के बाद महिला के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया. कॉलर ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताते हुए महिला को डराया कि उनके बैंक खाते में धोखाधड़ी के छह करोड़ रुपए क्रेडिट हुए हैं. जांच के नाम पर नोटिस में दिए नंबरों के वेरिफिकेशन का हवाला देते हुए कॉलर ने महिला को किसी अन्य का कॉल रिसिव न करने की हिदायत दी और लगातार वीडियो कॉल पर बनाए रखा.

**पूरे समय वीडियो कॉल पर बना रहा ठग**– एसपी ने बताया कि कॉलर ने महिला से एटीएम की जानकारी मांगी. एटीएम नहीं होने पर उसने दबाव में आकर बेटी से एटीएम की फोटो मंगवाई. बेटी उस समय मीटिंग में थी और बाद में देने की बात कही. इस पर कॉलर ने महिला को धमकाते हुए बैंक जाकर आरटीजीएस के जरिए चार लाख रुपए ट्रांसफर करने के निर्देश दिए और किसी को भी इस बारे में न बताने की चेतावनी दी. पूरे समय ठग वीडियो कॉल पर रहा और मोबाइल को बैग में रखकर डिसकनेक्ट न करने के निर्देश देता रहा. जब महिला कैनरा बैंक पहुंचीं और शाखा प्रबंधक से चार लाख रुपए आरटीजीएस करने को कहा तो शाखा प्रबंधक ने उनके पुत्र से बात की, जो स्वयं भी बैंक में वरिष्ठ पद पर हैं. पुत्र ने तत्काल ट्रांजेक्शन से मना किया और बहन को जानकारी दी. इसी दौरान बेटी ने राज्य साइबर सेल से संपर्क कर डिजिटल अरेस्ट की आशंका जताई.

**पुलिस ने संदिग्ध नंबर ब्लॉक कर महिला को सुरक्षित घर पहुंचाया**

एसपी सराफ के मुताबिक वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में निरीक्षक अंजू पटेल को तत्काल बैंक भेजा गया. उन्होंने महिला का मोबाइल लेकर साइबर ठगों द्वारा कैमरे से निगरानी की जा रही स्थिति को बंद करवाकर संदिग्ध नंबर ब्लॉक कराया गया और एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई गई. इसके बाद महिला को सुरक्षित घर पहुंचाया. साइबर सेल द्वारा बुजुर्ग महिला की काउंसलिंग कर उन्हें अनजान कॉल और वीडियो कॉल से सतर्क रहने की सलाह दी. समय रहते कार्रवाई होने से महिला के खाते से कोई भी राशि ट्रांसफर नहीं हो सकी.

# रेलवे ब्रिज कार्य ठप, किसान नेता ने सांसद को लिखा पत्र

- मांगलिया क्षेत्र में बंद सड़क से बढ़ा खतरा
- टोल कंपनी को लाभ पहुंचाने का आरोप

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. मांगलिया क्षेत्र में रेलवे ब्रिज का काम लंबे समय से बंद होने और मुख्य रास्ता बंद रहने को लेकर किसान नेता हंसराज मंडलोई ने इंदौर सांसद शंकर लालवानी को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है. उन्होंने रेलवे लाइन पर कार्य की अनुमति शीघ्र दिलवाने का आग्रह किया है, ताकि बंद सड़क को खोला जा सके.**

किसान नेता मंडलोई ने पत्र में उल्लेख किया कि रेलवे ठेकेदार द्वारा रेलवे लाइन के ऊपर काम करने की अनुमति न मिलने का हवाला देकर बीते करीब दो महीनों से मांगलिया व्यासखेड़ी रोड बंद रखी गई है, जिससे स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानी और जान-माल का खतरा बना हुआ है. उन्होंने सांसद से मांग की कि दिल्ली स्तर से अनुमति दिलवाकर कार्य प्रारंभ कराया जाए.

मंडलोई ने आरोप दोहराया कि टोल कंपनी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कुछ अधिकारी और जनप्रतिनिधि मांगलिया क्षेत्र के निवासियों की सुरक्षा से समझौता कर उन्हें खतरे में डाल रहे हैं. उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि दो वर्षों से ब्रिज निर्माण कार्य चल रहा है और जिस गति से काम हो रहा है, उसे देखकर अगले दो साल और लगने की आशंका है. किसान नेता ने सांसद से आग्रह किया कि कम से कम रेलवे क्रॉसिंग पर कार्य की अनुमति दिलवाकर जनता को राहत दिलाई जाए, ताकि यातायात बहाल हो और क्षेत्रवासियों को रोजाना की परेशानी से निजात मिल सके.


## एक नजर में

### अन्त्योदय का सूत्रपात करने वाले प्रभु श्रीराम ही



**इंदौर.** राम इस राष्ट्र का चरित्र, शील, संयम, सदाचार, नैतिकता और मर्यादा है तो कृष्ण माधुर्य, दर्शन और मनीषी का प्रतिरूप। जग में सुंदर हैं दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम. धर्म से आनंद, वैभव, शांति की प्राप्ति होती है. धर्म ही नौका है. धर्म ही हमें स्वर्ग लेकर जाएगा. धर्म एक छवि है, धर्म एक आकार है. धर्म में संवेदनाएं हैं. राम का नाम केवल अपनी जिव्हा पर भी ले आएं या केवल स्मरण भी कर लें तो ही धर्म आचरण हो जाएगा. वनवासियों को गले लगाकर देश में अन्त्योदय की भावना का सूत्रपात प्रभु श्रीराम ने ही अपने वनवास काल में किया है. बर्फानी धाम के पीछे स्थित गणेश नगर में माता केशरबाई रघुवंशी धर्मशाला परिसर के शिव-हनुमान मंदिर की साक्षी में चल रही रामकथा में शनिवार को प्रख्यात मानस मर्मज्ञ पं. मनोज भार्गव ने प्रभु श्रीराम के वन गमन एवं केवट प्रसंग की व्याख्या के दौरान उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए. ब्रह्मऋषि स्वामी बर्फानी दादा महाराज की प्रेरणा से हो रहे इस अनुष्ठान में मप्र उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अभिभाषक नरेश माहेश्वरी, क्षत्रिय महासभा के उपाध्यक्ष ठा. विजयसिंह परिहार, नर्मदातट से आए अमरसिंह पटेल, रामसिंह रघुवंशी, सचिन मिश्रा, मुन्ना विजयवर्गीय, प्रगतिशील क्षत्रिय महासभा के प्रेम मालवीय, रामचंद्र दुबे, राजबहादुर सिंह कुशवाह आदि ने आयोजन समिति के प्रमुख तुलसीराम रघुवंशी एवं संयोजक रेवतसिंह रघुवंशी के साथ व्यास पीठ एवं रामचरितमानस का पूजन किया. विद्वान् वक्ता की अगवानी ललनसिंह पंवार, अप्पू पटेल, मनोहर सिंह चौहान, प्रवीण सिंह पंवार, सुरेश गुप्ता, मुन्ना विजयवर्गीय आदि ने की. संयोजक रेवतसिंह रघुवंशी के अनुसार कथा में 6 जनवरी को भरत चरित्र का प्रसंग होगा.

### एनिमल लिबरेशन कॉन्फ्रेंस इंडिया 9 से




**इंदौर.** शहर में 9, 10 और 11 जनवरी 2026 को एनिमल लिबरेशन कॉन्फ्रेंस इंडिया 2026 का आयोजन किया जाएगा. यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले पशु अधिकार कार्यकर्ता, वकील, डॉक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिकों को एक मंच प्रदान करेगा. इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत में पशु अधिकारों से जुड़े प्रयासों को ज़मीनी स्तर पर मज़बूत करने का लक्ष्य रखा गया है. अजय किरडिया को-फाउंडर इंदौर एनिमल लिबरेशन ने बताया कि- तीन दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में प्रतिभागियों को पशु अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण और व्यावहारिक विषयों पर जानकारी दी जाएगी. इंदौर एनिमल लिबरेशन के सुरेश व्यास एवं दुर्गा बलानी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस के बुनियादी सिद्धांतों में से एक यह है कि बिना जमीनी अनुभव के कोई भी सामाजिक प्रयास मजबूत नहीं बन सकता। इसी कारण सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों को केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं दी जाएगी, बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों में जाकर विज़न बिल्डिंग, जांच, विरोध और आउटरीच के माध्यम से बनाई गई ज़मीनी स्तर पर काम करने के अवसर भी मिलेंगे. सम्मेलन का समापन 11 जनवरी को राष्ट्रीय पशु अधिकार मार्च के साथ किया जाएगा. इंदौर एनिमल लिबरेशन के सिद्धार्थ डफरिया ने बताया कि राष्ट्रीय पशु अधिकार मार्च के माध्यम से सरकार से यह मांग की जाएगी कि जानवरों के साथ यौन शोषण को स्पष्ट रूप से अपराध घोषित किया जाए, इसके लिए कड़ी सज़ा और जेल का प्रावधान किया जाए.

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**इंदौर.** पूज्य जैकब आबाद पंचायत एवं लायंस क्लब इंदौर सिटी के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया. शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मालिनी गौड़ ने डॉ दिलीप आचार्य के साथ किया. सेवाभावी लायंस मेंबर्स एसपी नामदेव, झोन चेयरपर्सन दिलीप माटा एवं कोषाध्यक्ष रिंकी जयसिंघानी का शॉल पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया. क्लब पदाधिकारीयों के साथ पंचायत के अध्यक्ष डॉ जय कुमार पर्याणी एवं सरपंच राजा माधवानी के साथ सभी पंचायत पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने के लिए लोगों के परीक्षण के साथ चाय बिस्किट की भी सेवा भी की. शिविर के समापन पर झोन चेयरपर्सन दिलीप माटा के साथ क्लब अध्यक्ष नीतू असाटी ने आभार माना.

### प्रभु त्रिवेदी का किया सम्मान



**इंदौर.** शहर के वरिष्ठ साहित्यकार, दोहाकार, छंद विशेषज्ञ प्रभु त्रिवेदी को मध्यप्रदेश लेखक संघ, भोपाल द्वारा वार्षिक साहित्यकार सम्मान समारोह में 28 दिसम्बर को 'छांदस रचनाकार सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया. प्रभु त्रिवेदी लेखक संघ इंदौर इकाई के अध्यक्ष व श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति की प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य भी हैं 7 अब तक उनकी 18 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं. उन्होंने विभिन्न छंदों पर महत्वपूर्ण कार्य किया है. वे दोहाकार के रूप में देश भर में लोकप्रिय हैं. उन्होंने श्री रामचरितमानस व महाभारत की अनेक घटनाओं का दोहों में अनुवाद कर यश अर्जित किया है.

# गणतंत्र दिवस पर इंदौर से उम्र कैद के 9 कैदी रिहा होंगे

- प्रदेश की 11 केंद्रीय जेलों से 126 बंदियों को मिलेगी आजादी
- रिहा होने वालों में 10 महिला कैदी भी हैं शामिल

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. गणतंत्र दिवस के अवसर पर इंदौर सहित पूरे मध्यप्रदेश की जेलों से आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है. प्रदेश की 11 केंद्रीय जेलों से 126 आजीवन सजायाफ्ता कैदी रिहा किए जाएंगे, जिनमें 10 महिला कैदी भी शामिल हैं.**

जेल मुख्यालय के सूत्रों के अनुसार इंदौर सेंट्रल जेल से इस बार 9 कैदी रिहा होंगे. हालांकि, इस सूची में इंदौर से किसी भी महिला बंदी की रिहाई नहीं की जा रही है. रिहाई की यह प्रक्रिया शासन की नीति के तहत निर्धारित अवसरों पर की जा रही है. जेल मैन्युअल के अनुसार, प्रदेश में वर्ष में पांच बार पात्र कैदियों को रिहा किए जाने की व्यवस्था है. इसके तहत ओपन जेलों से भी कैदियों की रिहाई की जा रही है.

इंदौर की जिला जेल परिसर स्थित ओपन जेल से दो कैदी रिहा होंगे, जो वर्तमान में अपने परिवार के साथ रह रहे हैं. सूत्रों ने यह भी बताया कि ओपन जेल में रह रहे कुछ कैदी बाहर नौकरी भी कर रहे हैं. इनमें से तीन कैदी सेंट्रल जेल के पास स्थित पेट्रोल पंप पर कार्यरत हैं.

# रेलवे स्टेशन पर पार्किंग व यातायात सुधार को लेकर सख्ती

- निर्माण कार्य के बीच अव्यवस्था रोकने बनी संयुक्त कार्ययोजना
- ऑटो टैक्सी संचालन के लिए तय होंगे सख्त नियम



**इंदौर.** रेलवे स्टेशन परिसर में बढ़ती यातायात और पार्किंग अव्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए रेलवे पुलिस ने संबंधित विभागों और हितधारकों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की. बैठक में स्टेशन परिसर में दो पहिया, चार पहिया वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग, पिक एंड ड्रॉप व्यवस्था और ऑटो टैक्सी संचालन को लेकर ठोस निर्णय लिए.

जीआरपी थाने में आयोजित बैठक में रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य के चलते उत्पन्न हो रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई. संकरे मार्गों, बार-बार लगने वाले जाम और यात्रियों को हो रही असुविधा को देखते हुए सभी एजेंसियों के बीच समन्वित कार्ययोजना बनाने पर सहमति बनी. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यात्री सुविधा और सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा. बैठक में तय किया कि पिक एंड ड्रॉप व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए पार्किंग एरिया और एप्रोच रोड पर कर्मचारियों की नियमित तैनाती रहेगी. गलत पार्किंग पर सख्त रोक लगाई जाएगी और ऑटो, टैक्सी व निजी वाहनों को निर्धारित स्थानों पर ही सीमित समय के लिए खड़ा करने की अनुमति होगी.

**'हमारी सवारी भरोसे वाली' के लिए अलग ऑटो स्टैंड बनेगा**

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि हमारी सवारी भरोसे वाली क्यूआर युक्त ऑटो के लिए अलग ऑटो स्टैंड विकसित किया जाएगा, जहां ऑटो चालक वर्दी में लाइन से खड़े रहेंगे. ऑटो चालकों द्वारा रखी गई समस्याओं पर अधिकारियों ने समाधान का भरोसा दिलाया. तय किया कि कोई भी ऑटो चालक सड़क पर यात्रियों को रोककर भीड़ नहीं लगाएगा, वहीं यात्रियों को अपनी सुविधा से ऑटो चुनने की स्वतंत्रता रहेगी. इसके साथ ही स्टेशन परिसर में पिक एंड ड्रॉप, नो पार्किंग और ऑटो स्टैंड से संबंधित रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड लगाए जाएंगे. पीक आवर्स और ट्रेनों के आने-जाने के समय अतिरिक्त स्टॉफ एवं बैरियर लगाए जाएंगे.

# समाज की प्रतिभाशाली बालक-बालिकाओं को किया सम्मानित

- ओसवाल जैन साजना साथ श्रीसंघ का वार्षिक स्नेह मिलन




**इंदौर. श्री ओसवाल जैन साजना साथ श्रीसंघ का वार्षिक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय दलाल बाग में लगभग पांच हजार समाजजनों की उपस्थिति में विभिन्न कायक्रमों के साथ आयोजित हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्योगपति सूरज इम्पेक्स के एम.डी. विनोद नवलखा जैन थे.**

सर्वप्रथम श्रीसंघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पुखराज लसोड़ को श्रीसंघ के अध्यक्ष पद की शपथ साजनान फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश भटेवरा द्वारा दिलाई गई. तत्पश्चात सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की शपथ क्रमशः पूर्व अध्यक्ष विजय चौधरी एवं पूर्व अध्यक्ष पारस लसोड़ एवं अशोक मेहता द्वारा दिलाई गई. अध्यक्षीय उद्बोधन में अध्यक्ष पुखराज लसोड़ ने समाजजनों के बालक-बालिकाओं की शैक्षणिक सहायता, स्वास्थ्य सेवाओं इलाज आदि के सहयोग तथा नौकरी एवं एक दूसरे के साथ बिजनेस में आपसी सहयोग आदि कार्यक्रमों हेतु श्री संघ द्वारा हर प्रकार से सहयोग देने की बात पर जोर देते हुए योजनाएं प्रस्तुत की. श्री संघ चेयरमेन अशोक मेहता तथा सचिव रितेश कटकानी ने भी उद्बोधन दिया. मुख्य अतिथि विनोद नवलखा जैन द्वारा नव निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। जीतो के भगवतसिंग नागौरी ने जीतो की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का आव्हान किया. कार्यक्रम के दौरान मैरिट होल्डर 5वीं, 8वीं, 10वी, 12वीं एवं डाक्टर, सी.ए., इंजिनियर आदि डिग्रियां प्राप्त करने वाले श्रीसंघ के बालक-बालिकाओं को सम्मानित किया गया.

**धार्मिक तंबोला का किया आयोजन**

साथ ही वर्ष 2025 में जन्मी लाड़ली लक्ष्मी बेटियों, सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित समाजजनों, विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले व्यक्तियों तथा शादी की गोल्डन जुबली वर्षगांठ पूर्ण कर चुके दम्पत्तियों आदि का सम्मान भी गिफ्ट मोमेंटों भेंट कर किया गया. संपूर्ण सम्मान के लाभार्थी थे सुरेश स्नेह लोढ़ा परिवार. कार्यक्रम के धार्मिक तम्बोला का आयोजन भी किया गया था. सभी विजेताओं को लाभार्थी परिवार श्रीमती वनमाला, अपूर्व कोठारी, बनारस साड़ी एवं विजयराजजी मेहता परिवार, द्वारा प्रदान किये गये. आभार सचिव सुरेश लोढ़ा ने व्यक्त किया.



# खजराना गणेश मंदिर में आज से तीन दिवसीय तिल चतुर्थी मेला

- तिल-गुड़ के सवा लाख लड्डुओं का लगेगा भोग

**इंदौर.** खजराना गणेश मंदिर पर आयोजित परंपरागत तिल चतुर्थी मेले में मंगलवार 6 जनवरी को सुबह 10 बजे भक्त मंडल की ओर से तिल गुड़ के सवा लाख लड्डुओं का भोग समर्पित किया जाएगा। पिछले शुक्रवार को मंदिर के पुजारी पं. अशोक भट्ट, पं. पुनीत, पं. जयपाल एव पं. धर्मेन्द्र भट्ट द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दस भट्टियों पर शहर के प्रसिद्द रसोइये खेमजी महाराज की टीम के 40 रसोइयों ने लड्डुओं के निर्माण का काम शुरू किया था जो सोमवार की रात को पूरा हो गया है.

मंदिर प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त एवं मंदिर समिति के प्रशासक क्षितिज सिंघल तथा मंदिर के महाप्रबंधक राकेश शर्मा खजराना गणेश को भोग समर्पित करेंगे. मंदिर के पुजारी पंडित विनीत भट्ट ने बताया कि प्रतिवर्ष परंपरा अनुसार तिल चतुर्थी पर मंदिर में मेले का आयोजन किया जाता है. भक्त मंडल के अरविंद बागड़ी, कैलाश पंच एवं पार्षद पुष्पेन्द्र पाटीदार ने बताया कि पिछले 72 घंटे से लगातार लड्डू निर्माण का काम चल रहा था जो सोमवार रात को पूरा हो गया है. लड्डू निर्माण में 1250 किलो तिल्ली, 550 किलो मूंगफली दाना (सिंका हुआ) एवं 1050 किलो देशी गुड़ का प्रयोग किया गया है। मंगलवार को सुबह भक्त मंडल के अरविन्द बागड़ी परिवार की ओर से गणेशजी को लड्डुओं का भोग समर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया जाएगा।

# जूनियर तथा सीनियर राज्य जूडो स्पर्धा सम्पन्न




**इंदौर.** मध्य प्रदेश जूडो एसोसिएशन के निर्देशन में इंदौर जिला जुड़ो एसोसिएशन द्वारा आयोजित नेहरु स्टेडियम हाल में जूनियर तथा सीनियर वर्ग जुडो स्पर्धा संपन्न हुई जिसमें 19 पंजीकृत जिलों के कुल 236 जूनियर तथा सीनियर बालक बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक बेहद रोचक मुकाबलों में भाग लिया. इसमें जूनियर वर्ग के प्रथम चयनित बालक वह बालिका 23 से 26 जनवरी को कोलकाता में राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे.

जूनियर प्रथम जुडोकास इस प्रकार है- बालक 55 किलो लोकेंद्र सिंह गुर्जर, साठ किलो नितिन कौशल, 66 किलो ज्योतिराज प्रजापति, 73 किलो गौरव बाडोलिया, 81 किलो हरिओम प्रजापति, 90 किलो कृष्णा मालवीय, 100 किलो ध्रूव यादव, 100 किलो से अधिक आयुष मिश्रा. बालिका 44 किलो एंजेल महावर, 48 किलो आंचल बारगाह, 52 किलो पायल पाटिल, 57 किलो जमना केवट, 63 किलो आकांक्षा श्रीवास्तव, 70 किलोग्राम मालती साहू, 78 किलो लहर यादव, 78 किलो से अधिक शैली गुप्ता. सीनियर वर्ग बालक 60किलो मृत्युंजय पांडे, 66 किलो रिषभ सेन, 73 किलोग्राम गौरव बाडोलिया, 81 किलो राम लखन गुजर, 90 किलोग्राम विशाल जाट, 100 किलो साद मोहम्मद, 100 किलो से अधिक जतिन रघुवंशी. बालिका 48 किलो वर्ग आंचल बारगाह, 52 किलो अर्चना गिरी, 57 किलो जमना केवट, 63 किलो सलोनी वर्मा, 70 किलो मालती साहू, 78 किलो निशा अहिरवार, 78 किलो से अधिक लहर यादव. प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह एमआईसी सदस्य एवं अध्यक्ष नगर निगम खेल प्रकोष्ठ प्रमुख नंदकिशोर पहाड़िया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ. अतिथि स्वागत मध्य प्रदेश जुडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कुरुष दिनशॉ, सचिव नरेश टटवाडे, आयोजन सचिव डॉक्टर पूर्णिमा बीसे, टूर्नामेंट डायरेक्टर आबिद खान तथा संस्था के अन्य पदाधिकारियों ने किया.

## एक नजर में: फरवरी में दिल्ली में होने जा रही इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 की प्री समिट में दिग्गजों ने विचार साझा किए

# एआई भविष्य का मजबूत औजार, लेकिन सही उपयोग न होने पर खतरनाक



**इंदौर.** फरवरी में दिल्ली में होने जा रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के तहत देश के कई शहरों में प्री समिट आयोजित की जा रही है. इसके तहत एक प्री समिट सोमवार को इंदौर में आयोजित की गई. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), गवर्नेंस, पुलिसिंग, शिक्षा और सामाजिक प्रभाव को लेकर गहन मंथन हुआ. देश-विदेश से जुड़े विशेषज्ञों ने साफ कहा कि एआई भविष्य का मजबूत औजार है, लेकिन मानवीय विवेक, स्थानीय डेटा और जवाबदेही के बिना इसका उपयोग खतरनाक हो सकता है.

अर्थसंगिनी एनजीओ और सेंटर ऑफ पॉलिसी रिसर्च एंड गवर्नेंस (सीपीआरजी) द्वारा द पार्क में आयोजित कार्यक्रम में एआई का गवर्नेंस में उपयोग और इससे जुड़ी नीतियों पर चर्चा हुई. इसमें आईआईटी इंदौर के डीन प्रो. संदीप चौधरी, डीएवीवी के कुलपति डॉ. राकेश सिंघई, सीपीआरजी के डायरेक्टर रामानंद, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अरिजीत पात्रा, आईएएस हिमांशु प्रजापति, इंडस्ट्री वेटरन विनय छजलानी और मीडिया से अंशुमन तिवारी, एडिशनल पुलिस कमिश्नर (कानून) अमित सिंह, अमित चटर्जी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ शामिल थे. कार्यक्रम की शुरुआत अर्थसंगिनी की फाउंडर शानू मेहता ने मॉडरेटर के रूप में की. उन्होंने कहा, तकनीक पहले बाजार में आती है, फिर समाज अपनाता है और सरकार बाद में नियम बनाती है. बदलाव पहले बाजार से शुरू होता है, फिर समाज अपनाता है और अंत में सरकार नियम बनाती है. उन्होंने बताया कि प्री समिट में चर्चा के दौरान आए सुझावों को इंडिया एआई समिट में रखा जाएगा।

**स्वदेशी समाधान जरूरी**

साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ अमित चटर्जी ने यूपीआई और ओटीपी फ्रॉड का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की समस्याएं वैश्विक मॉडल से अलग हैं, इसलिए स्वदेशी समाधान जरूरी हैं. डीएविवि के कुलपति राकेश सिंघई ने कहा, एआई सिर्फ एक टूल है। इंसान को मशीन से अधिक स्मार्ट रहना होगा. विनय छजलानी ने सैंडबॉक्स फ्रेमवर्क का सुझाव देते हुए कहा कि बिना राजनीतिक डर के पायलट प्रोजेक्ट्स जरूरी हैं.

## स्थानीय भाषा में काम करें

ऑक्सफोर्ड से पीएचडी स्कॉलर और ग्लासगो विश्वविद्यालय के सबसे युवा एसोसिएट प्रोफेसर रहे डॉ. अरिजीत पात्रा ने कहा कि भारत एआई टैलेंट और ट्रेनिंग डेटा का सबसे बड़ा सप्लायर है, लेकिन इसके फायदे भारत के गांवों, छोटे शहरों और नगर निगमों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं. अमित सिंह ने बताया कि यदि सरकार एआई-सक्षम सिस्टम उपलब्ध कराए तो पुलिस सीसीटीएनएस और एफआरवी-112 डेटा के जरिए अपराध के हॉटस्पॉट पहचान सकती है. संदीप चौधरी ने कहा कि मौजूदा एआई हिंदी-अंग्रेजी तक सीमित है. हम अपने छात्रों को ऐसे एआई समाधान बनाने के लिए प्रेरित करेंगे जो स्थानीय भाषाओं में काम करे. मीडिया विशेषज्ञ अंशुमन ने सवाल उठाया कि क्या विदेशी एलएलएम भारत की स्थानीय समस्याओं को समझ सकते हैं?